तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 29 जून 2024

11 भाजपा ने एसपी से गिनाई शहर की समस्याएं


10 सरकारी भवन निर्माण नहीं हो सकेगा विवादित...




## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप में 189 आवेदकों का चयन

**बालोद।** जिला रोजगार कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर बालोद में गुरुवार 27 जून को आयोजित प्लेसमेंट कैंप में प्रारंभिक रूप से 189 आवेदकों का चयन किया गया है। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र बालोद ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर बालोद में 27 जून को 4 नियोजकों द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया था। प्लेसमेंट कैंप में कुल 905 पदों के लिए 563 आवेदक उपस्थित हुए थे।

### दल्लीराजहरा वार्ड नंबर दो में 61 आयुष्मान कार्ड बने

**दल्लीराजहरा।** नगर के आजाद नगर वार्ड क्रमांक 2 में आज आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया था। शिविर में 61 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखूराम साहू ने वार्डवासियों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होने से शासन द्वारा गंभीर चिहांकित बीमारी का इलाज चिंहांकित अस्पताल में एपीएल परिवार का पचास हजार तक एवं बीपीएल परिवार का पांच लाख तक इस कार्ड के माध्यम से इलाज होता है। उन्होंने अपील किया कि जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मचारी एवं मितानीन से सम्पर्क करके आयुष्मान कार्ड बनवा लें एवं शासन की योजना का अवश्य लाभ लें। आगामी आयुष्मान कार्ड बनाने की शिविर 1 जुलाई को वार्ड नंबर 22 जेडी ऑफिस के ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सिस्टम जागा : तीन साल से दे रहा था जीवित प्रमाणपत्र, तीन दिन में हो गया काम

# हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद जीवित हुआ किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि अब मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बीते तीन सालों से जीवित प्रमाण देने के बाद भी उसे जीवित नही मानने से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ वंचित जिले के गुरुर तहसील अंतर्गत ग्राम भोथली निवासी अखिलानंद साहू को हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के तीन दिन में ही शासन के सिस्टम ने जीवित मान लिया। अब किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि मिलने का रास्ता खुल गया है।

- योजना के तहत पहली पांच किस्त देने के बाद मान लिया था मृत

गुरुर तहसील अंतर्गत ग्राम भोथली निवासी अखिलानंद साहू को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की पांच किस्त देने के बाद उन्हें सरकारी सिस्टम में मृत बतला आगे की किस्त रोक दी। जिसके बाद से किसान अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र लिए लगातार अधिकारियों के ऑफिस का चक्कर लगाते रहा। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद प्रशासन ने संज्ञान में लिया और अब किसान को आगामी किस्त खातों के माध्यम से दी जाएगी।

खबर का असर


सरकारी सिस्टम ने मृत घोषित कर दिया, जीवित होने का प्रमाण पत्र लेकर भटक रहा किसान
अपने आप को जिंदा साबित कर कलेक्टर जनदर्शन पहुंचा खिलानंद
जीवित प्रमाण पत्र देने के बाद भी नहीं आई राशि
पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि नहीं आने पर हुआ खुलासा
जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

बता दे की जिले के गुरुर तहसील अंतर्गत ग्राम भोथली निवासी पीड़ित खिलानंद साहू को कोरोना काल के पूर्व उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रत्येक 4 माह में दो–दो हजार की पांच किस्त कुल 10 हजार मिले। सन् 2021 में कोरोना के बाद से राशि मिलना बंद हो गया था, जिसकी जानकारी लेने जब अधिकारियों के पास गए तो उन्होंने कहा कि आप तो किसान सम्मान निधि के रिकार्ड में मर चुके हो। इसलिए आपकी सम्मान निधि की किस्त रोक दी गई है। जिसके बाद से खिलानंद साहू लगातार स्वयं के जीवित होने का प्रमाणपत्र लिए अधिकारियों के चक्कर लगाता रहा। अंत में कलेक्टर जनदर्शन पहुंचा। कलेक्टर को अपने जीवित होने की प्रमाण देकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त दिलाने गुहार लगाई।




### नये माडुल में नाम जोड़कर किया गया पात्रः अपर कलेक्टर

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया की राज्य की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पोर्टल में नया माडुल बना किसान खिलानंद साहू का नाम दोबारा जोड़कर योजना में उन्हें पात्र किया गया। सरकार द्वारा किसानों को अगली किस्त जारी करते ही खिलानंद को भी किस्त मिलनी चालू हो जाएगी।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होगी 2 जुलाई को

**बालोद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार 2 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समयसीमा की बैठक के बाद आयोजित की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला यातायात प्रभारी, जिला रक्षित निरीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने को कहा गया है।




## थाना भवन का आईजी ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

समीपस्थ आदिवासी बाहुल्य ब्लाक क्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने नवनिर्मित थाना महामाया भवन का आज विधिविधान से शुभारंभ किया। आईजी श्री गर्ग द्वारा रक्षित केन्द्र का वार्षिक निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण परेड के दौरान उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

- रक्षित केन्द्र का वार्षिक निरीक्षण किया, उत्तम वेशभूषा वाले अफसर-जवान पुरस्कृत

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नव निर्मित थाना महामाया के नवीन भवन का शुभारंभ कर रोजनामचा लेखन के साथ सभी आधिकारी कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने



मनोबल बढ़ाया गया। उक्त निरीक्षण व भवन शुभारंभ के दौरान पुलिस अधीक्षक एस.आर.भगत, अति. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, डीएसपी सुश्री नवनीत कौर, एसडीओपी देवांश राठौर, डीएसपी श्रीमती गीता वाधवानी, डीएसपी ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सरकार के जागरुकता अभियान को निजी संस्थाएं बेखौफ लगा रहीं पलीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका ने लोगों को जागरूक करने दीवारों पर लाखों रुपए खर्च करके आकर्षक पेंटिंग बनाई थीं। निजी संस्थाएं इन पेंटिंग्स को मिटाकर अपना प्रचार लिख रहीं। सरकार के

- लोगों को जागरुक करने दीवारों पर बनाई पेंटिंग को मिटाकर, कर रहे अपना प्रचार



जागरुकता अभियान को निजी संस्थाएं इस तरह से पलीता लगा रहीं हैं। चालू रोड होने के बावजूद नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे। लगता है कि पेंटिंग बनाकर और पैसा खर्च करके अभियान को पूरा कर लिया है। पालिका प्रशासन द्वारा स्वच्छता जागरुकता अभियान को लेकर लोगों को ▶▶ शेष पेज 10 पर






# सरकारी भवन निर्माण नहीं हो सकेगा विवादित भूमि पर, पीडब्लूडी ने जारी किया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाने वाले भवन को बनाने की मंजूरी तभी मिलेगी जब वह जमीन सभी प्रकार के विवाद से मुक्त होगी। इसी तरह सड़क और पुल का निर्माण उसी समय किया जाएगा जब ये साफ होगा कि निर्माण की जगह का 90 प्रतिशत हिस्सा बाधा रहित है। ऐसे निर्माण के लिए टेंडर जारी होने के पहले संबंधिक कार्यपालन अभियंता को प्रमाण पत्र देना होगा कि जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है। बताया गया है कि उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने एक परिपत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधानरहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।



### पहले बाधा दूर होगी, उसके बाद टेंडर

*लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।*

## खबर संक्षेप



### युगल किशोर अपेक्स बैंक के जीएम नियुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा सहकारिता विभाग के उपायुक्त युगल किशोर को प्रतिनियुक्ति पर अपैक्स बैंक में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है। 24 जून को मंत्रालय से जारी आदेश के परिपालन में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है।

### चार प्राधिकरणों का पुनर्गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार ने प्राधिकरणों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण शामिल है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। उल्लेखनीय है कि हाल की में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्राधिकरणों के संबंध में निर्णय लिया गया था। सभी प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्राधिकरणों की अध्यक्षता का दायित्व वरिष्ठ विधायकों को दिया गया था। अब नए सिरे से प्राधिकरणों के पुनर्गठन में संबंधित क्षेत्र के विधायक सदस्य होंगे। प्राधिकरणों में सदस्य के रूप में वरिष्ठ अधिकारी जैसे मुख्य सचिव, संबंधित विभागीय सचिव के अलावा समाजसेवी और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिन्हें राज्य शासन द्वारा मनोनीत किया जाएगा।

### विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने सैम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर पुनः बहाल किए जाने पर कहा, कांग्रेस के इस फैसले से कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है।



विवादित पित्रोदा को फिर से पद देने वाली कांग्रेस का देशविरोधी चेहरा उजागर हो गया है। श्री कश्यप ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान विरासत टैक्स लगाने, रंगभेद आदि से जुड़े बयानों के मद्देनजर पद से हटाए गए राहुल गांधी के सलाहकार पित्रोदा को हटाया गया था, लेकिन अपने इस फैसले से पलटकर कांग्रेस नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए देश के लोग नहीं, सैम अंकल प्राथमिकता रखते हैं। पित्रोदा की बहाली ने कांग्रेस की उस विकृत राजनीतिक मानसिकता को भी साफ कर दिया है कि विरासत टैक्स, रंगभेद जैसे बयान कांग्रेस की सोची-समझी साजिशाना रणनीति के तहत दिए गए या दिलाए गए, और विवाद के चलते वोट बैंक के डैमेज कंट्रोल के लिहाज से पित्रोदा को हटाने का काम किया।

### संचालकों ने अलग से लिखवा लिए दुकानों के नाम

# थीम बेस्ड मार्केट में एक जैसे बोर्ड से पहचान देने का प्लान फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के बाजारों को एक जैसे बोर्ड से पहचान देने के लिए तैयार किया गया प्लान अब फाइलों में सिमट कर रह गया है। इससे मुख्य मार्गों के पास वाले कॉम्प्लेक्सों में संचालित दुकानों के नाम एक जैसे बोर्ड के जरिए थीम बेस्ड नहीं हो पाए हैं। जहां लाखों रुपए खर्च करके नई पहचान देने की मुहिम के तहत काम करवाया गया, वहां जिम्मेदारी की अनदेखी से प्रयोग के बाद भी सिस्टम बिगड़ा हुआ है। मनमाने तरीके से बनवाए गए दुकानों के नाम वाले बोर्ड भी संचालकों ने सजा लिए हैं।

- नए मार्केट की पहचान और दुकानों के नाम थीम बेस्ड करने के बाद जिम्मेदार भूल गए

खास खबर

रायपुर निगम सीमा के बाजारों में मनमाने तरीके से दुकान संचालकों द्वारा लगाए गए दुकानों के नाम वाले बोर्ड से अभी तक मुक्ति नहीं मिली। पड़ताल में पता चला कि करीब 6 साल पहले शहर के प्रमुख बाजारों को थीम बेस्ड करने और एक जैसे पैटर्न में दुकानों का नाम लिखवाने के लिए प्लान तैयार किया।

इस प्रोजेक्ट की सच्चाई जांचने के लिए हरिभूमि ने जिन-जिन बाजारों में प्रोजेक्ट शुरू किया गया, वहां की वस्तुस्थिति जांची। तब पता चला कि व्यापारियों से सहमति नहीं मिलने और आपत्ति के कारण यह मुहिम पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रह गई। अभी आलम यह कि कालीबाड़ी तिराहा के पास जिस कॉम्प्लेक्स को सबसे पहले थीम बेस्ड करके वहां कि करीब 50 से ज्यादा दुकानों के नाम वाले बोर्ड को एक ही पैटर्न में लिखवाया गया, वहीं देवेन्द्र नगर चौक के पास बनवाए गए नए मार्केट की पहचान और दुकानों के नाम थीम बेस्ड करने के बाद जिम्मेदार भूल गए, इससे अव्यवस्था है।

### रायपुर में स्मार्ट सिटी की मुहिम फाइलों में सिमटी इसलिए जहां प्रयोग किया वहां बिगड़ा सिस्टम




### मामले को संज्ञान में लिया जाएगा

अभी बाजारों में बदलाव के लिए प्लानिंग की जा रही है। पहले जो काम करवाए गए हैं, अगर उसमें लोग खुद बदलाव करवा रहे हैं, तो इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

**- अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### 5 लाख से ज्यादा खर्च किया

निगम सूत्रों ने बताया कि थीम बेस्ड मार्केट का कंसेप्ट स्मार्ट सिटी ने तैयार किया था। इसके तहत कालीबाड़ी तिराहा के पास स्थित कॉम्प्लेक्स की दुकानों को एक जैसे बोर्ड के माध्यम से पहचान देने के बाद इसी फॉर्मूले को देवेन्द्र नगर चौक के पास पुरानी दुकानों को तोड़कर नया बनाने के बाद वहां भी लागू किया। इन बाजारों को खास पहचान दिलाने के लिए सिर्फ दुकानों का नाम लिखवाने पर ही 5 लाख से ज्यादा खर्च किया। अभी बाजारों की स्थिति यह है कि दोनों ही स्थानों पर दुकान का संचालन करने वाले लोगों ने अपने नाम की पहचान को खास लुक देने के लिए नया बोर्ड दुकानों के सामने लगा लिया है। इससे जिस उद्देश्य से प्रयोग किया गया, वह अव्यवस्था का हिस्सा बन चुका है।

# आरडीए को जलशुल्क का भुगतान अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 फ्लैट्स के रहवासी अब जलशुल्क का भुगतान ऑनलाइन कर सकेंगे। आवास एवं पर्यावरण की सचिव आर. शंगीता की उपस्थिति में गुरुवार को प्राधिकरण कार्यालय में इस नई सुविधा का शुभारंभ किया गया।

ऑनलाइन सुविधा मिलने के बाद अब यहां रहने वाले परिवारों को जलशुल्क जमा करने कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे अब अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन कर जलकर का भुगतान कर सकेंगे। इसके अलावा क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआईसे भी भुगतान किया जा सकेगा।

*__कौशल्या माता विहार के अधूरे निर्माण के लिए फिर से निकाला जाएगा टेंडर__ : आवास एवं पर्यावरण विभाग की सचिव आर. शंगीता की अध्यक्षता में रायपुर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक हुई। इसमें कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के*



*सेक्टर 1,2,8ए,8बी,10,11बी,14ए एवं 14बी में 253 दो बीएचके ईडब्लूएस फ्लैट्स तथा रो हाऊस निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार का कार्य निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में ठेकेदार की रिस्क एंड कॉस्ट पर शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए न्यूनतम निविदा राशि 14.125 करोड़ रुपए की स्वीकृति देते हुए नई निर्माण एजेंसी को नियुक्त करने का अनुमोदन किया गया है।*

*__छत्तीसगढ़ हॉट की जगह बनेगा पीएम एकता मॉल__ : बैठक में देवेंद्र नगर स्थित छत्तीसगढ़ हॉट के स्थान पर पीएम एकता मॉल का निर्माण करने की स्वीकृति दी गई है। इस मॉल में सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानों के अलावा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें होंगी। 150.70 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मॉल का सुपर बिल्डअप क्षेत्रफल 473392 वर्गफीट होगा।*

**बैठक में ये रहे उपस्थित :** बैठक में वित्त विभाग के संयुक्त सचिव सीताराम तिवारी, आवास एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त सचिव सी तिर्की, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अपर संचालक संदीप बागड़े, कलेक्टोरेट के प्रतिनिधि अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, नगर पालिक निगम के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश से सहायक संचालक ऐश्वर्य जायसवाल, लोक निर्माण विभाग से कार्यपालन अभियंता यू.डी.मेश्राम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अधीक्षण अभियंता एस. के. गौड़ आदि उपस्थित थे।

# खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना अब शहीद वीर नारायण के नाम पर, अफसर भी बदला

### नाम बदलने की सियासत है पुरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में संचालित डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम बदलकर शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना करने का निर्णय लिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा था।





राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने कहा है, यह लोकतंत्र के लिए स्वस्थ परंपरा नहीं है। राज्य में सरकार बदलने के बाद पहले भी पूववर्ती सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के नाम बदले जाते रहे हैं। इस बार भी राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद पिछली कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने की प्रक्रिया अभी शुरू हुई है, लेकिन ताजा मामले को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री रहे श्री सिंहदेव का कहना है कि नाम बदलने का फैसला खूबचंद बघेल का अनादर है। अगर सरकार नए सिरे से कुछ योजना चालू करती है, तो उसे अपने हिसाब से नाम रखे।

पहले से संचालित कार्यक्रम योजना का नाम बदलना सही नहीं है। ये बिलकुल स्वस्थ परंपरा, लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। ऐसे में एक परिपाटी बन जाएगी। आज मैं हूं सत्ता में तो अपने हिसाब से नाम रखा, कल कोई और आया तो वह अपने हिसाब से नाम रखेगा। हम नाम रखने पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। नाम बदलने पर सवाल उठा रहे हैं। सरकार नई योजना का नया कार्यक्रम शुरू कर उसका नाम रख ले।

# मुख्यमंत्री साय ने श्री रामलला दर्शन अभियान समितियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे छत्तीसगढ़ के सभी रामसेवकों का गुरुवार शाम अपने निवास परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री साय ने सभी रामभक्त 6 समितियों को शॉल, श्रीफल और श्री रामलला की धातु की मूर्ति भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे प्रभु श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के अंतर्गत सभी 6 समितियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी समितियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजित होने के साथ ही रामभक्तों की 500 सालों की मनोकामना पूर्ण हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि प्रभु श्रीराम का ननिहाल हमारा छत्तीसगढ़ है और हम भांचा के रूप में श्री राम को पूजते हैं। इस अवसर पर विधायक और अयोध्या दर्शन समिति के संयोजक धरम लाल कौशिक ने सभी समितियों की सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान की बात है कि सभी 6 समितियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ रामभक्तों की सेवा की है। इस दौरान अयोध्या दर्शन समिति के सदस्य विधायक संपत लाल अग्रवाल और विरेंद्र श्रीवास्तव के साथ ही लक्ष्मी वर्मा, रामलखन पैंकरा एवं ललित माखीजा मौजूद थे।

- रामभक्तों की सेवा से छत्तीसगढ़ हुआ धन्य

## पेज 9 के शेष

### सरकार के जागरुकता ...

जागरुक करने दीवारों में कई तरह की आकर्षक पेंटिंग की गई थी, जिसे मिटाकर अब लोगों ने अपनी निजी संस्थानों का प्रचार प्रसार करने का काम कर रहे हैं। लोगों की मनमानी और पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते ही जहां सड़क किनारे दीवारों में स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरुक करने कई अलग अलग खूबसूरत आकृतियां उकेरी गई थी। उसे मिटाकर अब तरह-तरह के निजी संस्थाओं ने प्रचार प्रसार करने का माध्यम बना लिया है। शहर के घड़ी चौक के आस पास सड़क किनारे दीवारों को आप देखे तो उसमें सिर्फ निजी संस्थाओं के विज्ञापन लगे हुए हैं। उसी दीवारों में लगभग साल भर पहले पालिका प्रशासन ने हजारों–लाखों खर्च कर दीवार में कलाकृति बनाकर उसमें शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में लोगों को जागरूक करने प्रचार प्रसार किया जा रहा था जो अब पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते ठंडे बस्ते में चला गया है, जिसका निजी संस्थाओं द्वारा जमकर फायदा उठाया जा रहा है।

### थाना भवन का ...

राजेश बागड़े, डीएसपी बोनीफास एक्का, परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, टू आईसी इंदिरा वैष्णव समेत समस्त थाना प्रभारी एवं जिले के अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दल्लीराजहरा वार्ड नंबर ...

पास सतनाम भवन में लगाया जाएगा। आज शिविर में स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखु राम साहू आयुष्मान कार्ड सलाहकार ललित जोशी , वार्ड पार्षद सुश्री ममता नेताम, समाजसेविका द्रौपदी साहू , मितानिन भावना नायक , रंजना निर्मलकर एवं अन्य महिलाएं और पुरुष भी उपस्थित थे।

### आवेदनों को पंजीबद्ध कर लोगों को दिया गया टोकन, निपटारा करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनदर्शन में मुख्यमंत्री ने बड़े ही अपनत्व भाव से सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सत्ता की बागडोर संभालने के बाद से ही शासन-प्रशासन को जनता के करीब लाने की इच्छा गुरुवार को जनदर्शन में पूरी होती दिखी। मुख्यमंत्री ने राज्य में जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए नये सिरे से जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के दूर-दराज से आए हजारों लोगों से एक-एक कर मुलाकात की। बड़े ही अपनत्व भाव से उन्होंने आम जनमानस की समस्याएं और उनकी अपेक्षाएं सुनी और विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए। यहां पर आए लोगों का स्वागत फूल माला और टीका लगाकर किया गया।

मुख्यमंत्री जनदर्शन का पहला कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपने आवेदनों और समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने रायपुर स्थित उनके कार्यालय पहुंचे थे। जनदर्शन का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित था, परन्तु कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसामान्य की मौजूदगी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने न सिर्फ जनदर्शन कार्यक्रम की निर्धारित समयावधि को बढ़ाया, बल्कि स्वयं कार्यक्रम में यह बात कही कि लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है, यहां आए प्रत्येक व्यक्ति से वह मिलेंगे और उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुनेंगे। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एक ओर जहां विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के समुचित इलाज और मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश देते दिखे, वहीं दिव्यांग और निशक्तजनों के बीच पहुंचकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनी, बल्कि उन्हें आवश्यक उपकरण, ट्राईसायकल आदि की सौगातें दी। भारी उमस और गर्मी के बावजूद भी जनदर्शन स्थल लोगों से ठसाठस भरा था। मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी देने के लिए लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। जनदर्शन में मिले सभी आवेदनों को पंजीबद्ध किया गया है और आवेदन देने वाले लोगों को टोकन भी दिया गया है।





### मनीराम को तत्काल मिला दिव्यांग प्रमाणपत्र

धरसींवा निवासी मनीराम देवांगन का चार महीने पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। उसमें इनका पैर काटना पड़ गया था। वे पिछले एक महीने से दिव्यांग प्रमाणपत्र के लिए भटक रहे थे, लेकिन उनके आवेदन पर कारवाई नहीं हो सकी थी। मुख्यमंत्री जनदर्शन की जानकारी होने पर उन्होंने उनको इस संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को उनका दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। एक घंटे के भीतर मनीराम के हाथ में दिव्यांगता प्रमाणपत्र आ गया। मनीराम ने खुशी जताते हुए कहा, दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राप्त होने के बाद वो शासन की दिव्यांगजनों के लिए दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। साथ ही वह कृत्रिम पैर भी लगा पाएगा।

### दमयंती जाएगी जापान, मुख्यमंत्री ने कहा- सामान पैक कर लीजिए, हम भेजेंगे

राजनांदगांव से आई दमयंती सोनी छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी महिला हैं, जो फर्राटे से जेसीबी चलाती हैं। देशभर के एक्सपो में इन्हें भाग लेने के लिए बुलाया जाता है। ऐसे ही जापान से इन्हें बुलावा आया है, लेकिन आर्थिक दिक्कतों की वजह से एक्सपो में शामिल नहीं हो पा रही।

### कुछ ऐसे आवेदन

- दिव्यांग बलराम और रोहित को मिली ट्रायसाइकिल

जनदर्शन कार्यक्रम में बलराम और रोहित को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों आईस बॉक्स युक्त ट्रायसाइकिल की सौगात मिली। परसबोड़, जिला बेमेतरा के दिव्यांग बलराम और भोथीडीह जिला बेमेतरा के दिव्यांग रोहित मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे थे।

-जीएनएम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले नर्सिंग प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार बीएड प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों और बस्तर संभाग से आए शिक्षकों ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री से महाविद्यालय अतिथि व्याख्याताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन, अनियमित कर्मचारी महासंघ ने भी ज्ञापन सौंपा।

- ममता निर्मलकर ने मुख्यमंत्री से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने का आग्रह किया।
- धमतरी निवासी अमित सोनी के ब्रेन सर्जरी के लिए मुख्यमंत्री ने डेढ़ लाख रुपए की मंजूरी देने के साथ ही वर्षा चांदवानी के इलाज के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की।

## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**रायपुर।** प्रदेश में 26 जून को स्कूल खुलते ही स्कूलों में रौनक लौट आई और सभी विद्यालयों में धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में गुरुनानक चौक स्थित स्वामी आत्मानंद निवेदिता अंग्रेजी विद्यालय में प्राचार्य आरडी वर्मा, समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाए विकास समिति के सभी सदस्य की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया गया तथा कॉपी-किताब वितरण किया गया।

### विष्णु को पीएचडी

**रायपुर।** साईंनाथ विश्वविद्यालय रांची झारखंड ने विष्णु पटेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की अध्यापन में प्रगतिशीलता एवं जनतांत्रिक अभिवृत्ति का विश्लेषणात्मक था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. पूजा सिंह के मार्गदर्शन में पूरा किया।

### शिवसेना ने हैदराबाद सांसद का फूंका पुतला

**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) के पदाधिकारियों द्वारा हैदराबाद सांसद अजहरुद्दीन ओवैसी द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लाखेनगर चौक पर गुरुवार को पुतला दहन किया गया। इस मौके पर युवा सेना जिला अध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान ओवैसी द्वारा फिलिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया, जो आतंकवाद को बढ़ावा है और देशद्रोह वाली बात है, इसका शिवसेना पुरजोर विरोध करती है और ओवैसी के ऊपर देशद्रोह संबंधी कार्रवाई किए जाने की मांग सरकार से की है। इसी दौरान थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पुतला दहन करने वालों में संजू साहू, किशन साहू, नरेंद्र प्रजापति, अमर नायक, राहुल सिंह, अमर नायक, राहुल सिंह, राकेश यादव, मोनू निषाद, आकिब खान, भोला साहू, रोहित विश्वकर्मा सहित अधिक संख्या में शिव सैनिक शामिल हुए।

### क्रांतिवीरों के परिजनों का किया सम्मान

**रायपुर।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा अखंड भारत एवं राष्ट्र निर्माण संकल्प विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर ने क्रांतिवीरों के परिजनों का सम्मान किया। यह सम्मान क्रांतिवीरों के परिवार के भगवान बिरसा मुंडा के वंशज जंगल सिंह मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गवती के वंशज कुंवर प्रताप सिंग मरावी, शहीद वीरनारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, नेताजी सुभाषचंद्र बोस के वंशज सोमनाथ बोस को दिया गया। कार्यक्रम में सचिव विवेक बर्धन सहित आदि उपस्थित थे। समिति के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि इस अवसर पर समिति के देवाशीष गांगुली, सुचित्रा बर्धन, सुबीर साहा, राजनारायण शर्मा, मोनू पटेल, अमित गांगुली, मृणमय बर्धन आदि उपस्थित थे।

### मांग : शहर की विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराने सौंपा मांग पत्र

# भाजपा ने एसपी से गिनाई शहर की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक एसआर भगत से मुलाकात कर शहर में विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र के संबंध में पार्षद कमलेश सोनी ने बताया कि बालोद शहर से निकलने वाले नेशनल हाईवे 930 के अंतर्गत मिनीमाता तिराहा, जय स्तम्भ चौक एवं इंदिरा चौक में ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने तथा शीतला मंदिर से आमापारा दल्ली राजहरा मुख्यमार्ग जाने वाले चौक में बीकानेर स्वीट्स के पास एवं संस्कार शाला के सामने स्टॉपर लगवाने तथा बालोद शहर में पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए हाई रेजुलेशन कैमरे को मरम्मत संधारण करवाकर दुरुस्त करने तथा बुधवार एवं रविवार को बाजार समय में शहर के अंदर भारी वाहन माल वाहक वाहन के आने जाने पर प्रतिबंध लगाने जैसे अनेक ज्वलन्त मुद्दों के निराकरण कर व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग करते हुए मांग पत्र सौंपा, जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक ने सभी विषयों पर गंभीरता से विस्तार पूर्वक चर्चा कर भाजपा नेताओं को व्यवस्था में दुरुस्ती लाने का आश्वासन दिया। वहीं नगर पालिका के पार्षद कमलेश सोनी ने नेशनल हाईवे सड़क पर भारी वाहनों के खूनी रफ्तार से दौड़ने पर एवं भविष्य में किसी दुर्घटना पर लगाम लगाने ट्रक चालकों को वाहनों की गति शहर के अंदर धीमी करने की हिदायत देने की मांग भी की। मांग पत्र सौंपने वालों में पार्षद कमलेश सोनी के अलावा जिला भाजपा मंत्री अमित चोपड़ा, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, शहर महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, रविप्रकाश पांडेय, महेश पाठक, अजय बाफना, पिंटू सारथी, हरीश दुबे उपस्थित थे।

## नगर की बुनियादी समस्याओं को लेकर भाजपाई पहुंचे कलेक्टोरेट



**डौंडी।** भाजपा डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने ब्लॉक में बिजली, भवन सहित विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और जल्द मांगों को पूर्ण करने अपील की। उन्होंने बताया की डौण्डी के प्राथमिक शाला आंवराटोला में कुछ दिनों पूर्व नया कक्ष निर्माण कराया गया है। निर्माण के दौरान यहां के आंगन में लगा फर्शीकरण व बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हो गया है।

बारिश के दौरान अधूरी बांउड्रीवॉल होने के कारण खेतों से जहरीले जीव जन्तु स्कूल प्रांगण में आने का भय बना रहता है। साथ ही फर्शीकरण के क्षतिग्रस्त होने से बारिश होने से पानी का भराव हो जाता है। इससे यहां अध्ययनरत बच्चों, शिक्षकों को क्लास रूम तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी क्षेत्रांतर्गत वार्ड 7 भण्डारी पार में आंगनबाड़ी भवन नहीं है। वर्तमान में किराये के भवन से आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है।

बच्चों की संख्या अधिक होने एवं किराये के भवन में बरसात के दिनों में पानी टपकने के कारण उक्त स्थान पर आगनबाड़ी का संचालन किये जाने में परेशानियों का समाना करना पड़ता है। आंगनबाड़ी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों को बैठने, भोजन करने एवं विभिन्न गतिविधियों को करने में परेशानी होती है। वार्ड 7 भण्डारी पारा डौण्डी में आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्रदान करने, वार्ड 4 में लाइट की आवश्यकता है। वार्ड 4 जाने मार्ग के किनारे दो तालाब है। जिससे वार्डवासियों को मुख्य मार्ग से आवास पारा जाने के दौरान रात्रि में जहरीले जीव-जन्तु का भय बना रहता है। साथ-साथ ही आवास पारा में लो वोल्टेज की समस्या भी बनी रहती है। इन समस्याओं को जल्द निराकरण करने कहा, जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन देकर जल्द स्वीकृति दिलाने की बात कही।

## घर में घुसा तेंदुआ बचे पालतू जानवर



**बालोद।** ग्राम नारागाँव में एक तेंदुए ने रात में घर में घुस कर एक बछड़े व कुत्ते को शिकार बनाने का प्रयास किया। लेकिन दोनों पालतू जानवर बच गए। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि लगभग 3 बजे तेंदुआ बछड़े और गाय को शिकार बनाने की नियत से घर में घुसा। बछड़े पर जानलेवा हमला कर दिया। गाय और बछड़े ने जोरदार आवाज़ लगाई, जिससे गहरी नींद में सो रहा घर मालिक उठा और दरवाजा खोला। आवाज सुनकर तेंदुआ भाग निकला। तेंदुए के हमले से बछड़ा घायल हो चुका था और उसके मुँह से खून आ रहा था। जिसके बाद सुबह होते ही धनजय वर्मा नारागाँव निवासी नें डॉक्टर बुलवाकर बछड़े का इलाज करवाया।वहीं दूसरी घटना भी थोड़ी दूर स्थित दूसरे घर के सामने घटित हुई। जहाँ एक पालतू कुत्ते को तेंदुए नें घायल किया है। हमले से कुत्ते के मुँह में गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज भी जारी है। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत है। जंगल गाँव से लगा हुआ है, इसलिए तेंदुआ कभी भी रात के अंधेरे में घरों तक पहुंच पालतू पशुओं को अपना निवाला बना सकता है।

▪ ग्राम नारागांव में बछड़े व कुत्ते का शिकार बनाने का किया प्रयास

# वर्तमान समय के अनुरूप नया कानून लाया जा रहा : प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



▪ जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. पचौरी लागू हो वाले तीनों कानूनों के संबंध में दी जानकारी

देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 का समुचित प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को तीनों नए कानून में राजस्व मामलों से संबंधित प्रावधानों एवं धाराओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी का दुर्ग जिले में स्थानांतरण होने के उपरांत बालोद जिले से कार्य मुक्त होने से ठीक पहले देश में लागू हो रहे तीनों कानूनों के संबंध में राजस्व अधिकारियों को जानकारी देने हेतु जिला कार्यालय में पहुँचने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी के दुर्ग जिले में स्थानांतरण होने पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने प्रतीक चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीनों नए कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में परिस्थितियाँ बदली हैं और संचार के साधन भी बढ़े हैं। इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए वर्तमान समय के अनुरूप नया कानून लाया गया है। डॉ. पचौरी ने नये कानून में कार्यपालक दण्डाधिकारियों से संबंधित धाराओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिले के सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### वाहनों की टक्कर से दोनों के पैर टूट गए, लापरवाही से लगे कीड़े

# एक्सीडेंट में घायल दो बछिया को लेकर मौर्य मंडल ने पालिका का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



▪ इलाज कराकर गौशाला में रखने का सीएमओ ने दिया आश्वासन

पिछले एक हफ्ते पूर्व दो बछिया को अज्ञात माइंस ट्रक द्वारा ठोककर मुख्य मार्ग से फरार हो गया, जिससे दोनों बछिया का पैर टूट गया। जिसे डौंडी नगर के मौर्य मंडल सदस्यों द्वारा नगर पंचायत के बहुत पुराने सुविधा विहीन कांजी हाउस में रखकर नगर पंचायत के सुपुर्द करते हुए समुचित ईलाज व देखरेख,भोजन व्यवस्था की मांग की गई।

जिस पर नपाधिकारी द्वारा व्यवस्था करने के साथ ही कांजी हाउस के अभाव को देखते हुए गौसेवा से बात करने की बात कही गई। लेकिन मौर्य मंडल का कहना है कि हालात से अपंग दोनो बछिया को खाना पानी तो दूर इन्हें झांककार देखने वाला भी कोई नही है। ऐसे हाल में इन बछिया को मौर्य मंडल के युवाओं द्वारा स्वयं हरा भाजी तथा पानी देकर देखरेख और सेवा कर रहे थे। परंतु बछिया की समुचित इलाज ना होता देख मौर्य मंडल सदस्यों का सब्र बांध टूट गया। फिर इन सदस्यों ने बछिया के टूटे पैर व अन्य हिस्सों में कीड़े लगने सहित दयनीय स्थिति से वाकिफ कराने और इस ओर नपा की उदासीन रवैया को लेकर दोनों बछिया को नगर पंचायत मुख्य द्वार सामने रखकर प्रदर्शन किया गया।

पशु विभाग से बछिया का ईलाज करने आए डॉक्टर से मौर्य मंडल अध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने पूछा कि आपके विभाग द्वारा ऐसे असहाय पशुओं का इलाज के नाम पर पैसों की मांग क्यों की जाती है। जिस पर पशु चिकित्सक मौन रहे। इधर नपा सीएमओ के पहुंचने पर मौर्य मंडल ने बछिया की पीड़ा को उन्हे दिखाते हुए समुचित व्यवस्था की मांग की गई ।

जिस पर सीएमओ ने कहा कि बछिया को अभी गौशाला सुपुर्द किया जाएगा। जिस पर मौर्य मंडल सदस्यों ने कड़े शब्दों में कहा कि वर्षों पुराने जर्जर छोटी सी कांजी हाउस को बनवाकर गौ रखने एवं उनके दाना पानी व्यवस्था तत्काल करावे। इतने बड़े नगर पंचायत में कांजी हाउस ना होने को लेकर मौर्य मंडल ने नपा को जमकर कोसते हुए कहा कि वर्तमान में किसान अपने खेतों में धान फसल की बुआई कर चुके है।

जहां लावारिश गौ पशुओं की धरपकड़ कर किसान कौन से कांजी हाउस में लाकर रखेंगे। इसकी पूरी व्यवस्था करावें, मौर्य मंडल पूरा सहयोग करते आए है और सदा करते रहेंगे। अन्यथा मौर्य मंडल बड़ा प्रदर्शन करने बाध्य हो जाएंगे। इस प्रदर्शन में मौर्य मंडल के सभी युवा सदस्य उपस्थित थे।

## पीएमश्री विद्यालय विनायकपुर में हर्षोल्लास मना शाला प्रवेशोत्सव



**अंडा।** पीएमश्री शास प्राथमिक , पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में सत्र 2024-25 के कक्षा पहली, छठवीं एवं कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी बच्चों को धूमधाम से शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती माता की पूजा, वंदना करके किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया। कक्षा पहली, छठवीं के बच्चों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश भी वितरित किया गया। पहली के बच्चों को पेंसिल, स्केल भी दिया गया। टिकेंद्र चंद्राकर द्वारा मुख्यमंत्री के शाला प्रवेश उत्सव के संदेश का वाचन किया गया। साथ में दिनेश देशमुख द्वारा खीर का न्योता भोजन करवाया गया । उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, प्रपा संध्या शिवरामवार, प्रपा टिकेंद्र चंद्राकर, सरपंच ललिता गजपाल, एसएमसी अध्यक्ष स्मृति सोनी और निलेश साहू, भातेंद्र गंगराले, रोहित देशमुख, सरस्वती उमरे, उषा ठाकुर ,डी साहू, एस साहू,पी कोशले, एल जोशी, पी एल योगी,जी के चंद्राकर,डी यादव, नरेश गायकवाड़, कीर्ति चतुर्वेदी, रामेश्वरी रायते, भावना तिवारी, उषा सिन्हा,भारती देशमुख,विजेता सूर्यवंशी ,चमेली ठाकुर ,मोती मार्कण्डे, सीडी देवांगन, गोदावरी देवांगन, बीना देवांगन,लक्ष्मी साहू, ललित बाई साहू, मीना नेताम , उर्मिला चंद्राकर अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहर के युवक की ओडिशा में संदिग्ध मौत पर पुलिस ने शव लाने वाली एंबुलेंस को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



**खून से लथपथ पड़ा था तो अस्पताल ले गए :** उसके ड्राइवर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे गोपी नागवंशी ओडिशा राज्य के भवानीपटनम शहर के आसपास सड़क पर खून से लथपथ पड़ा था, जिसे कोई अज्ञात वाहन चालक ठोकर मार कर फरार हो गया था। इस दौरान उन्होंने गोपी को सीधा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उसे लेकर बालोद जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में पूरी छानबीन कर जांच करने के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

▪ सड़क हादसे में युवक की जान जाने की दे रहे जानकारी

शहर के संजय नगर में रहने वाले 23 वर्षीय युवक की ओडिशा राज्य में सड़क हादसे में मौत होने का मामला सामने आया है। युवक के शव को शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे ओडिसा की एम्बुलेंस से बालोद जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस और जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मृतक के संबंध में कोई भी हॉस्पिटल के डॉक्यूमेंट नहीं होने पर संदेह के आधार पर कार्रवाई की है। एम्बुलेंस को कोतवाली पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिस एम्बुलेंस से मृतक को जिला अस्पताल लाया गया है। उसके ड्राइवर सहित अन्य साथियों से पूछताछ की जा रही है। एम्बुलेंस चालकों द्वारा मृतक के संबंध में घटना के बाद से लेकर कौन से हॉस्पिटल में लेकर गए और फिर मौत कहां पर हुई इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। युवक के परिजनों व आसपास के लोगों ने बताया कि युवक गुरुवार की शाम करीब 4 से 5 बजे बालोद में देखा गया था। अगली सुबह करीब 4 बजे उसकी लाश बालोद से 260 किलोमीटर दूर ओडिशा राज्य के भवानीपटनम के आसपास सड़क में मिली। जानकारी के अनुसार शहर के संजय नगर निवासी गोपी नागवंशी पिता संतोष नागवंशी 20 वर्ष को लेकर दावा है कि गुरुवार की शाम करीब 4–5 बजे शहर में ही दिखाई दिया। लेकिन वह घर में बिना बताए ही अचानक गायब हो गया। रात में परिजनों ने उसे खाना खाने के लिए फोन लगाया, लेकिन उसने नहीं उठाया। इधर जिस एम्बुलेंस में शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

## बारिश के दौरान रखें सावधानी पेड़ के नीचे न खड़े हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम नागरिकों से वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली से बचने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरतने हेतु अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान वज्रपात व आकाशीय बिजली गिरने की घटना होती है। इस दौरान यदि व्यक्ति घर में हो तो खाली पैर पानी का नल नहीं छूए तथा बिजली से चलने वाली यंत्रों व उपकरणों को तत्काल बंद कर देना चाहिए। यदि दोपहिया वाहन, सायकल, ट्रक, नौका, खुले वाहन आदि पर सवार होने पर तुरंत किसी सुरक्षित स्थानों पर ठहर जाना चाहिए। धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग नही करें तथा टेलीफोन व बिजली के पोल एवं टेलीफोन, मोबाइल टावर से दूर रहें।

सीएमएचओ कहा कि कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट या सूत की रस्सी का उपयोग करें। बिजली की चमक देख तथा गरजने की आवाज सुनकर ऊचें एवं एकल पेड़ों पर नहीं जाना चाहिए। खुले आकाश में रहने के बाध्य हो तो नीचे के स्थलों को चुनें तथा एक साथ कई आदमी एकत्र न हो, दो आदमी की दूरी कम से कम 15 फीट हो। तैराकी कर रहे लोग, मछुवारें आदि अविलंब पानी से बाहर निकल जाए। खेतों में हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसानों तथा मजदूरो को तुरंत सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।

यदि खेत–खलिहान में काम कर रहें हो तो किसी सुरक्षित स्थान में नहीं जा पा रहे हैं तो वही रहे, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टीक, बोरा या सूखे पत्ते रख ले. दोनो पैरों को आपस में सटा ले एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथासंभव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छुएं। जमीन पर कदापी न लेटे तथा इस दौरान धातु से बने कृषि यंत्र, डंडा आदि को स्वयं से दूर रखने की अपील की है।



### शाला प्रवेश उत्सव परसदा डंगनिया में मनाया

# बच्चों की आरती उतार, पुष्पवर्षा कर कराया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला परसदा डंगनिया में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमराज साहू, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी , किशोर साहू, बीआरसी थे। विशेष अतिथि कुलदीप साहू सरपंच, घनश्याम साहू भूत पूर्व सैनिक, भुनेश्वरी साहू गायत्री परिवार , सती साहू, थे। सर्वप्रथम नवप्रवेशी बच्चों को शाला के मुख्यद्वार से दीप प्रज्वलित कर पुष्प वर्षा से प्रवेश कराया गया। गायत्री परिवार द्वारा बच्चों का विद्या संस्कार दिया गया। इस बीच शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। बच्चों को शैक्षणिक गुणवत्ता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण न्यौता भोजन लिलेश्वर साहू, भुनेश्वरी साहू खीर पुड़ी खिचड़ी की व्यवस्था की गई थी। साथ ही गणमान्य नागरिकों द्वारा शाला स्तर पर पौधारोपण किया गया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष मोहन साहू, लाला राम,साहू , यीतेश धुर्वे महेश चंद्राकर, देवेंद्र देवांगन रविन्द्र चंद्राकर, रूखमणी देवी चंद्राकर, दमयंती साहू दीपेश्वरी साहू एवम् पालक गण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### हीरापुर में भागवत कथा आज से

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में 29 जून से 7 जुलाई तक 9 दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन रखा गया है। कथा दोपहर 1 से संध्या 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें भागवत व्यास पं. रूपेश कृष्ण मिश्रा जगन्नाथपुर वाले और परायणकर्ता पं. किरण शर्मा होंगे। कुंजलाल साहू ने बताया कि इसमें प्रथम दिवस 29 जून को सुबह कलश यात्रा, महात्म कथा, गौकरण कथा होगी। वहीं द्वितीय दिवस को परीक्षित जन्म, सुखदेवजी आगमन कथा होगी। 1 जुलाई को वारह अवतार, कपिलोपाख्यान, शिव पार्वती विवाह कथा, 2 को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार कथा होगी। 3 को गंगा अवतार, कृष्ण अवतार, गजेंद्र मोक्ष कथा, 4 जुलाई को भगवान की बाल लीला, उखल बंधन व महारास कथा होगी। 5 जुलाई को कंस वध, रुखमणी विवाह, उद्धव चरित्र कथा, 6 को श्री कृष्ण के अन्य विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा, 7 जुलाई को गीता प्रवचन तुलसी वर्षा एवं पूर्ण आहुति की जाएगी।

### कांग्रेस के आपातकाल की स्थिति का भाजपा आज करेगी खुलासा

**जामगांवआर।** कांग्रेस शासन में आपातकाल वाली स्थिति को भाजपा आज जामगांव आर में खुलासा करेगी। जामगांव आर मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया ने बताया कि आपातकाल की स्थिति का खुलासा करने भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्ग जितेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह चंदेल दुर्ग, मण्डल अध्यक्ष–दक्षिण पाटन लालेश्वर साहू 29 जून को 11 बजे रेस्ट हाउस जामगांव आर में आयोजित सभा में शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक– आपातकाल स्मृति दिवस अजय तिवारी, सह संयोजक आपातकाल स्मृति दिवस मनोज सोनी, सह संयोजक आपातकाल स्मृति दिवस हर्षा चंद्राकर, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा संजय चंद्राकर, महामंत्री व प्रभारी आपातकाल स्मृति दिवस दक्षिण पाटन मण्डल तेजेंद्र पिपरिया योजनाबद्ध सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

### मकान से 80 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि सडक एसपीए क्वा. 15/सी सेक्टर 5 निवासी युवराज सिंह चंद्राकर बीएसपी में ठेकादारी का काम करता है। बहन की तबियन खराब होने पर उसे अस्पताल में उपचार कराने गया था। घर पर भांजा अकेला था। 26 जून की रात मकान में ताला जड़कर वह भी अपनी बुआ के घर भाठापारा उतई चला गया। भांजा घर आकर देखा ताला टूटा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी 40 हजार गायब मिले। चोरी हुए समानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### पशु पर क्रूरता सीसी कैमरे में कैद

**भिलाई।** पशु क्रूरता मामले में एक युवक ने बेजुबान कुत्ते को मारा और उसे उठाकर नाली में फेंक दिया है। जिसका वीडियों सीसी कैमरे में कैद हो गया है। घटना रिसाली क्षेत्र का है। फूटेज में 22 जून को शाम 5 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुत्ते को मारने वाले युवक का नाम आकाश चौधरी है। शिकायतकर्ता के मुताबिक आकाश अक्सर बेजुबानों को परेशान मारता पिटता है। घटना नेवई थाना क्षेत्र की है। फिलहाल मामले में अपराध दर्ज नहीं हो पाय है।

### प्राणघातक हमला

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कृष्णा नगर सुपेला निवासी प्रवीण गायकवाड़ ने शिकायत किया कि 23 जून की दोपहर लोकेश सोनी ने उसके बारे में गलत अफवाह फैला रहा है।

---

**जांच : पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ने रक्षित केन्द्र एवं एसपी आफिस का किया वार्षिक निरीक्षण**

# नए कानून की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं साइबर अपराध के प्रति लोगों को करें जागरूक : आईजी गर्ग







हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग द्वारा रक्षित केन्द्र, बालोद एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

■ नवनिर्मित साइबर सेल भवन का किया शुभारंभ

पुलिस कार्यालय में राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों से थाना कार्य, अपराध, गुम इंसान एवं लंबित शिक़ायतों के निराकरण समेत अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानून की धाराएं, प्रावधानों के संबंध मे समस्त अधिकारी कर्मचारियों को जानकारी रखने आमजनों तक व्यापक रूप से प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। नवनिर्मित साइबर सेल भवन का शुभारंभ किया गया। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग द्वारा रक्षित केन्द्र बालोद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। एवं निरीक्षण परेड के दौरान उत्तम वेशभूषा धारण करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। एमटी शाखा के वाहनों समेत रक्षित केंद्र बालोद के प्रशासनिक भवन का जायज़ा लिया। बेहतर रखरखाव बनाए रखने निर्देशित किए गए। कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु दरबार आयोजित कर मेडिकल भत्ता, पदोन्नति, पदस्थापना एवं अन्य गुजरिशें सुनकर उनके उचित निराकरण के दिशा निर्देश दिए गए।



### प्रार्थियों से करें अच्छा व्यवहार

आईजी थाने में यदि कोई व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाने आता है तो उससे अच्छा व्यवहार किया जाए। पुलिस की छवि बेहतर बनाने अपने कर्तव्य का निर्वहन करने सभी को निर्देशित किए। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नव निर्मित साइबर सेल भवन एवं थाना महामाया के नवीन भवन का शुभारंभ कर रोजनामचा लेखन के साथ सभी आधिकारी कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने मनोबल बढ़ाया गया।

**ये रहे उपस्थित** : निरीक्षण, भवन शुभारंभ के दौरान पुलिस अधीक्षक एस.आर.भगत, अति. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, डीएसपी नवनीत कौर, एसडीओपी देवांश राठौर, डीएसपी गीता वाधवानी, डीएसपी राजेश बागड़े, डीएसपी बोनीफास एक्का, परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, टूआईसी इंदिरा वैष्णव समेत समस्त थाना प्रभारी एवं जिले के अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित हुए।

### लंबित अपराधों को निबटाएं

लाइन निरीक्षण पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद के सभा कक्ष में राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की मीटिंग ली। जिसमें सभी थाना प्रभारी से लंबित अपराध, लंबित मर्ग, लंबित शिकायत, लंबित चालान की समीक्षा की गई एवं शीघ्र निकाल के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी थाना क्षेत्र के कैमरे को त्रिनयन एप से जोड़कर अपराध नियंत्रण करने के लिए निर्देश दिया गया। क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को साइबर प्रहरी ग्रुप से जोड़कर लगातार हो रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के संबंध में निर्देशित किया गया। पश्चात नए कानून की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं पुलिस विभाग के अधिनस्थ स्टाफ को भी नए कानून से जागरूक करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

---

**शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में शाला प्रवेश उत्सव**

# नवप्रवेशियों को तिलक लगा, मुंह मीठा कराकर पाठ्य पुस्तक का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया।

इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल के नाम पत्र का वाचन किया गया। शाला में कक्षा नवमीं में छात्रों का शत प्रतिशत नामांकन करने शाला त्यागी बच्चे को शिक्षा के मुख्य मार्ग पर लाने पर विशेष जोर दिया। शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष ओहंग राम साहू तथा ग्राम के नागरिक केजू राम साहू, दीनदयाल साहू, भूपेश्वर ठाकुर ने उपस्थित नव प्रवेशी छात्र छात्रओं को नियमित रूप से शाला आने तथा अपने अपने लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण करने हेतु प्रेरित किया।

**ये रहे उपस्थित** : इस अवसर पर व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू, प्रीति गणवीर, प्रीति मंडावी, बी लहरे, गीता वर्मा, प्रज्ञा तिवारी, कैलाश कुमार साहू, ईश्वरी साहू तथा शाला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# अर्जुंदा चौक के पास प्रशासन ने ढहाए 13 अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही



लंबे अरसे के बाद शुक्रवार को नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा अर्जुंदा चौक पर सड़क किनारे नाजायज कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जहां कुल 13 लोगों के कब्जे को हटाए गए हैं। नगर पंचायत द्वारा समय–समय पर कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के कारण नगर में अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा था। बता दे कि अर्जुंदा चौक मे विगत कई सालों से सड़क किनारे दोनों ओर पक्का मकान निर्माण कर व्यापार कर रहे थे। जहां पर अवैध निर्माण किया गया था। उस जगह सड़क किनारे अर्जुंदा चौक से नदी तक फुटपाथ निर्माण किया जाना है, उक्त सभी कब्जाधारियो को कब्जा हटाने तीन बार 21 सितबर 2023, 27 फरवरी 2024 व 5 मार्च 2024 को नगर पंचायत द्वारा बकायदा नोटिस दिया गया, उसके बाद भी अतिक्रमण नही हटाया गया। आखिरकार शुक्रवार को नगर पंचायत पुलिस प्रशासन व राजस्व टीम की उपस्थिति मे अतिक्रमण हटाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुण्डरदेही कुलदीप झा ने कहा आज अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई, भविष्य मे यदि उपरोक्त शासकीय स्थल पर पुनः अतिक्रमण की जाती है तो सबंधी व्यक्तियो के संबंध मे न्यायालय मे वाद दायर किया जाएगा।

■ अर्जुंदा चौक से नदी तक फुटपाथ निर्माण किया जाएगा

# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला भनसुली (आर) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच चंद्राकर द्वारा सभी नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए पुष्पहार पहनाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक एवं ग्राम पंचायत की ओर से पाहड़ा एवं पेन वितरण किया गया। गणमान्य नागरिक लोकेश साहू द्वारा विद्यालय को सीलिंग फैन दिया गया एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश साहू द्वारा 501 रुपया नकद दिया गया। सीता महिला स्वयं सहायता समूह भनसुली आर द्वारा न्योता भोज के रूप में खीर, पूरी, दाल, चावल, सब्जी खिलायी गई। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य ग्रामीण एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# बिजली अव्यवस्था को लेकर भाजपाइयों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



मूलभूत सुविधाओं को लेकर भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक बोर्ड के मुख्य अभियंता से मुलाकात की। शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर भाजपा नेताओं ने आक्रोश जताया। भाजपा नेताओं ने फिल्टर प्लांट में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं जो बिजली लाटाबोर्ड फिटर से लिया जा रहा है उसे बालोद शहर से लिया जाए के लिए तत्काल प्रभावों में कार्रवाई करने को कहा।

■ मुख्य अभियंता से मिलकर जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की

भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के मुख्य अभियंता से मुलाकात करके शहर में लगातार बिजली की कटौती तथा लगातार बिजली विभाग को लेकर परेशानियां आ रही है उस संबंध में चर्चा की और उसे दुरुस्त करने के लिए आग्रह किया। यह समस्या क्यों आ रही है उसके निदान हेतु तत्काल प्रभाव में सरकार से मदद लेकर उसे दुरुस्त करने को कहा। भाजपा नेताओं ने बताया कि करोड़ों खर्च करने के बाद भी स्थिति बिजली आपूर्ति ठीक नहीं है, विगत दिनों जलापूर्ति भी पूर्णतः बंद रही, जिससे शहर वासियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस विषय पर भी नेताओं ने कहा कि पूरी गर्मी निकल गई और अब ऐसा विषय आ रहा है। शहरवासियों को यह तकलीफ नहीं होनी चाहिए। शहर की 25000 जनता को मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए भाजपा दृढ़ संकल्पित है, आप इसे आज ही ठीक करें ताकि आगे यह जल समस्या जैसा विषय ना आए।

### जल्द सुधारेंगे व्यवस्था

मुख्य अभियंता ने भी इस विषय पर जल्द से जल्द निराकरण कर व्यवस्था बनाने की बात कही। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि अगर आने वाले समय में यह सब ठीक नहीं हुआ तो बिजली विभाग के विरुद्ध बड़ा आंदोलन करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

बालोद शहर की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पाटएँ के प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से भाजपा नेता कमलेश सोनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, जिला भाजपा के मंत्री अमित चोपड़ा, पूर्व शहर महामंत्री नितेश वर्मा, शहर महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, रवि पांडे, पूर्व एल्डरमैन विनोद जैन, महेश पाठक उपस्थित थे।

### ओबीसी समाज ने विधायक की मौजूदगी में सौंपा 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन




**गुरूर।** संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 22 सूत्रीय मांगों को लेकर ओबीसी समाज ने ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रमुख रूप से ओबीसी समाज अध्यक्ष राधेश्याम, जिला अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा खिलेश्वरी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर, प्रदेश सहसचिव पुनेश्वर देवांगन, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा साहू, गुरुर ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सदस्य नारायण साहू, नंदकुमार साहू, एडवोकेट चंद्रहास सिन्हा, चोवाराम साहू सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमदी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**वार्डवासियों ने जताया आक्रोश, पार्षद ने कहा होगी कार्रवाई**

# सरकारी टैंकर का पानी निजी मकान निर्माण में हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

हजारों लीटर पानी से भरे टैंकर की यह तस्वीर जिला मुख्यालय के सदर रोड में हलधर चौक के पास की है। पानी टैंकर में पाइप फंसा हुआ है, जिसके माध्यम से निर्माणधीन मकान और दुकान में टैंकर के पानी का उपयोग किया जा रहा है, जबकि शहर के कई वार्डवासियों को इस तरह के टैंकरों का घंटों इंतजार करने के बाद भी सुविधा नहीं मिलती।



एक ओर जहां नगर पालिका के अधिकांश क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या आज भी बरकरार है, जिसे पालिका प्रशासन और यहां के जनप्रतिनिधि इस समस्या को दूर करने में हमेशा से असफल हैं। शहर में रोजाना कहीं न कहीं मोटर खराब होने या अन्य समस्या खड़ी होने के कारण वार्डवासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है और तो और नगर पालिका प्रशासन के पास पानी टैंकर होने के बावजूद समय रहते टैंकर वार्डवासियों तक नहीं पहुंचता, जबकि दूसरी ओर मकान निर्माण में पानी की खपत होने की स्थिति में पालिका प्रशासन द्वारा पानी टैंकर को तत्काल सुविधा देने उपलब्ध कराया जाता है।

हाल ही में गुरुवार को सुबह और शाम तथा शुक्रवार को सुबह के समय शहर के वार्ड 17 में वार्डवासियों को पीने का पानी नहीं मिला। वार्ड 17 के वार्डवासियों ने बताया कि गुरुवार को सुबह कुछ देर नल खुलने के बाद बंद हो गया, जो शाम को दुबारा नहीं खुला, जबकि शुक्रवार की सुबह फिर कुछ देर खुलने के बाद नल बंद हुआ, इस कारण वार्डवासियों ने पीने के साथ-साथ खाना बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं भर पाए। सदर रोड में मकान निर्माण कार्य में पानी उपलब्ध कराने लगे पानी टैंकर को देखकर कुछ वार्डवासी इसका फोटो भी लिए और जनता को पेयजल उपलब्ध न कराकर मकान निर्माण के लिए पानी उपलब्ध कराने की बात कहते हुए आक्रोशित होकर पालिका प्रशासन को कोसते नजर आए।

### पानी के लिए रसीद कटाई होगी

इस मामले में पार्षद व जल सभापति योगराज भारती ने कहा कि रसीद कटवाए होंगे, मैं पूछ लेता हूं किसका टैंकर है। रसीद कटा है कि नहीं पूछ लेता हूं अगर नहीं कटा होगा तो ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई कराऊंगा।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100